आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><><>

- राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेले के चौंथे चरण में कल द्वीपसमूह में एक हजार से अधिक युवाओं में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब हम वर्ष दो हजार सैंतालीस में आज़ादी का सौ वर्ष मनाएंगे, तब यही युवा हमारे विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- आज छोटी दीपावली है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी कर दिया गया।
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेला का चौंथा चरण कल आयोजित हुआ। देश भर के चालीस अलग–अलग स्थानों पर आयोजित रोज़गार मेले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सभी नवनियुक्त युवाओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के लाखों युवाओं को स्थाई नौकरी देने का काम लगातार जारी है। देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोज़गार मिले, ये हमारी कोशिश है। उन्होंने कहा कि जब हम वर्ष दो हजार सैंतालीस में आज़ादी का सौ वर्ष मनाएंगे, तब यही युवा हमारे

विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों और आयकरदाताओं की वजह से हमारे युवाओं को रोज़गार मिल रहा है। आज बिना खर्ची और बिना पर्ची के रोज़गार के अवसर मिलना संभव हो पाया है। नागरिकों के ऐसे योगदान के लिए हमारी सरकार उनकी सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा उनका आभारी रहेगी।

**बाईट–पी.एम –53 से0**

श्री विजयपुरम में डीब्रेट में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपसमूह की प्राकृतिक सौंदर्य के साथ–साथ यहां की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एन डी ए सरकार देश में ऐसी कई सारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिससे हमारे देश के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और वे आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि रोज़गार मेले में जिन एक हजार चौवालीस युवाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं, उनमें से पांच सौ बत्तीस महिलाएं और पांच सौ बारह पुरूष उम्मीदवार शामिल हैं, जो ये दर्शाता है कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। राज्य मंत्री ने सभी से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि जिन लोगों को नियुक्तियां मिली है, उनमें नब्बे प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवार है और नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता बरती गई। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए प्रभारी मुख्य सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश ने कहा कि रोज़गार मेला बेरोज़गारीमुक्त भारत बनाने की दिशा में एक बढ़ता हुआ कदम है। कुल मिलाकर इन द्वीपों मे अब तक चार हजार नौ सौ अट्ठाईस युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी है।

<><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी आज छोटी दीपावली मनाई जा रही है। इस सिलसिले में शहर के बाजारों में काफी रौनक है। घरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और रोशनी की गई है। कल धनतेरस के अवसर पर बाज़ारों में काफी रौनक रही और बड़ी संख्या में लोगों ने सोने–चांदी के आभूषणों के साथ बर्तन आदि की खरीददारी की। कारोबारियों के लिए भी कल का दिन काफी सुखद रहा। भारी भीड़ को देखते हुए श्री विजयपुरम के बाज़ारों में पुलिस को वाहनों को नियंत्रित करने के लिए जगह–जगह तैनाती करनी पड़ी और मार्ग परिर्वतन करना पड़ा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी कर दिया गया। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया को जानकारी देते हुए द्वीपों के प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित काले ने बताया कि मसौदे के अनुसार द्वीपों में कुल मतदाताओं की संख्या तीन लाख बारह हजार दो सौ सैंतालीस है। मतदाता सूची में मामूली वृद्धि हुई है। कुल मतदाताओं में एक लाख बासठ हजार इक्यासी पुरूष मतदाता है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख पचास हजार एक सौ तिरसठ है। तीन ट्रांसजेंडर मतदाता भी है। उन्होंने कहा कि इस बार आठ हजार आठ सौ सात नाम काटे गए, जबकि नौ हजार दो सौ बावन नाम जोड़ा गया। निन्यानब्बे दशमलव तीन नौ प्रतिशत मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले वर्ष छः जनवरी को किया जाएगा। इससे पहले अगले महीने की नौ और दस तारीख तथा तेईस और चौबीस

नवम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान बूथ स्तर के अधिकारी अपने–अपने मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में लिंग अनुपात नौ सौ छब्बीस है। दावे और आपत्तियां अट्ठाईस नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे। कुल मतदान केन्द्रों की संख्या चार सौ बारह से घटकर चार सौ ग्यारह रह गई है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर राष्ट्र की प्रगति निर्भर है इसलिए सरकार स्वास्थ्य सेवा के आधार को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री ने धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कहा कि इसी दृ ष्टिकोण को अपनाते हुए केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभ निर्धारित कर नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रमुखता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्ष में आयुष विनिर्माण क्षेत्र तीन अरब डॉलर से बढकर करीब चौबीस अरब डॉलर का हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत में फिलहाल नौ सौ से अधिक आयुष स्टार्टअप कार्यरत हैं। इससे युवाओं के लिए नई संभावनाएं सृजित हुई है। कार्यक्रम में द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने भी वर्चुअल रूप से इसमें भाग लिया।

<><><><><><>

भ्रष्टाचार रोधी इकाई की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय है राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति। उद्घाटन समारोह के दौरान इकाई के कर्मियों को शपथ दिलाई गई। इस सिलसिले में अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक, आई सी एम आर और गर्ल्स स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न

विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। आम जनता से भी भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में सहयोग देने और भ्रष्ट लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी इकाई के पुलिस अधीक्षक, उप–पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी के पास शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

देश के सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान व्यय वंदना कार्ड के माध्यम से अस्पताल में निशुल्क उपचार मिलेगा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा **द्वीप समाचार** की बड़ी खबर है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने भी इसी खबर को अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। आयुर्वेद दिवस के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आधारशिला रखने और परियोजनाओं का उद्घाटन करने के कार्यक्रम में द्वीपों के उपराज्यपाल का वर्चअल रूप से भाग लेने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। द्वीपों में करेन समुदाय की बसेरा के सौ वर्ष पूरा होने के सिलसिले में मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त द्वारा लोगों का अनावरण करने के समाचार को **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रमुखता दी है, जबकि अबरडीन पुलिस द्वारा अंतरराज्य ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करने तथा इस धंधे में शामिल लोगों की गिरफ्तारी करने के समाचार को **अंडमान क्रोनिकल** में जगह मिली है।

<><><><><><><>